CIVIL SERVICES (MAIN) EXAM-2022

CRNA-S-SOCY

# समाजशास्त्र / SOCIOLOGY

## प्रश्न-पत्र II / Paper II

| निर्धारित समय : **तीन घंटे** | अधिकतम अंक : **250** |
|---|---|
| *Time Allowed :* ***Three*** *Hours* | *Maximum Marks :* **250** |

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें* ***आठ*** *प्रश्न हैं जो* ***दो खण्डों*** *में विभाजित हैं तथा* ***हिन्दी*** *और* ***अंग्रेज़ी*** *दोनों में छपे हुए हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या* ***1*** *और* ***5*** *अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम* ***एक*** *प्रश्न चुनकर किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

## Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are* ***EIGHT*** *questions divided in* ***TWO SECTIONS*** *and printed both in* ***HINDI*** *and in* ***ENGLISH****.*

*Candidate has to attempt* ***FIVE*** *questions in all.*

*Questions no.* ***1*** *and* ***5*** *are compulsory and out of the remaining, any* ***THREE*** *are to be attempted choosing at least* ***ONE*** *question from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से, संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**

**Write short answers, with a sociological perspective, on the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) भारतीय समाज के अध्ययन के लिए एम.एन. श्रीनिवास के संरचनात्मक-प्रकार्यवादी उपागम की विस्तारपूर्वक व्याख्या कीजिए ।

Elaborate on M.N. Srinivas's structural-functionalist approach to the study of Indian society. *10*

(b) क्या आप सहमत हैं कि भारत में कृषि वर्ग संरचना परिवर्तित हो रही है ? दृष्टांतों के साथ अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

Do you agree that the agrarian class structure in India is changing ? Justify your answer with illustrations. *10*

(c) भारत में आदिवासी समुदायों के एकीकरण की चुनौतियों को स्पष्ट कीजिए ।

Elucidate the challenges of integration for tribal communities in India. *10*

(d) परिवर्तनशील भारतीय समाज के संदर्भ में आंद्रे बेतै की सुसंगत (हार्मोनिक) तथा विसंगत (डिसहार्मोनिक) सामाजिक संरचनाओं की अवधारणाओं को आप किस प्रकार देखते हैं ?

In the context of the changing Indian society, how do you view Andre Beteille's conceptions of harmonic and disharmonic social structures ? *10*

(e) लीला दुबे की "बीज तथा भूमि" की अवधारणा को समझाइए ।

Explain Leela Dube's concept of "Seed and Earth". *10*

**Q2.** (a) भारतीय समाज की समझ के लिए जी.एस. घुर्ये के भारतविद्यात्मक (इंडोलॉजिकल) उपागम का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine G.S. Ghurye's Indological approach to the understanding of Indian society. *20*

(b) जाति व्यवस्था की बदलती प्रकृति को उपयुक्त दृष्टांतों सहित विस्तार से बताइए ।

Elaborate on the changing nature of caste system with suitable illustrations. *20*

(c) भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों की समस्याओं की चर्चा कीजिए तथा उन्हें हल करने के उपाय सुझाइए ।

Discuss the problems of religious minorities in India and suggest measures to solve them. *10*

**Q3.** (a) योगेन्द्र सिंह की 'भारतीय परम्परा के आधुनिकीकरण' पर थीसिस का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine Yogendra Singh's thesis on 'Modernisation of Indian Tradition'. *20*

(b) एक वैचारिक प्रणाली के रूप में पितृसत्ता के भौतिक आधार पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the material basis of patriarchy as an ideological system. *20*

(c) भारत में अस्पृश्यता के विभिन्न स्वरूपों को समझाइए ।

Explain different forms of untouchability in India. *10*

**Q4.** (a) भारतीय राष्ट्रवाद की वृद्धि की सामाजिक पृष्ठभूमि का परीक्षण कीजिए ।

Examine the social background of growth of Indian nationalism. *20*

(b) यह समझाइए कि भूमि-सुधार किस प्रकार वांछनीय कृषि रूपांतरण ला सके ।

Explain how land reforms brought about desired agrarian transformation. *20*

(c) भारत में ग्रामों के अध्ययन करने के दौरान आने वाली चुनौतियों की चर्चा कीजिए ।

Discuss the challenges during village studies in India. *10*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न का, समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से, संक्षिप्त उत्तर लगभग 150 शब्दों में लिखिए :**

**Write short answers, with a sociological perspective, on the following questions in about 150 words each :** *10×5=50*

(a) महिला सशक्तिकरण के लिए कानून की एक महत्त्वपूर्ण उपकरण के रूप में चर्चा कीजिए ।
Discuss law as an important instrument for women's empowerment. *10*

(b) भारत में धर्म-निरपेक्षीकरण की विभिन्न समझों का परीक्षण कीजिए ।
Examine different understandings of secularisation in India. *10*

(c) भारत में अनौपचारिक क्षेत्र की वृद्धि को आप किस प्रकार देखते हैं ?
How do you view the growth of informal sector in India ? *10*

(d) लोकतंत्र को शक्तिशाली बनाने में दबाव समूहों की भूमिका की चर्चा कीजिए ।
Discuss the role of pressure groups in strengthening democracy. *10*

(e) ग्रामीण भारत में गरीबी उन्मूलन में सहकारिता क्या भूमिका निर्वाह करती है ?
What role do co-operatives play in poverty alleviation in rural India ? *10*

**Q6.** (a) परीक्षण कीजिए कि क्या ग्रामीण बंधन अभी भी एक सामाजिक यथार्थता के रूप में जारी है । अपना तर्क दीजिए ।
Examine whether rural bondage still continues to be a social reality. Give your argument. *20*

(b) नृजातीयता को परिभाषित कीजिए । भारत में नृजातीय आंदोलनों की वृद्धि के लिए उत्तरदायी कारकों की चर्चा कीजिए ।
Define ethnicity. Discuss the factors responsible for the growth of ethnic movements in India. *20*

(c) राजनीतिक अभिजात्यों की संरचना की परिवर्तनशील प्रकृति की चर्चा कीजिए ।
Discuss the changing nature of structure of political elites. *10*

**Q7.** (a) "समाज में समानता प्रोत्साहित करने के स्थान पर, वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने स्वयं सामाजिक-आर्थिक असमानताओं में वृद्धि करने में योगदान दिया है ।" टिप्पणी कीजिए ।

"Instead of promoting equality in society, the present system of education itself has contributed to increased socio-economic disparities." Comment. *20*

(b) प्रवास की संरचना में हाल के रुझानों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss recent trends in the structure of migration. *20*

(c) मलिन बस्तियों से सम्बन्धित वंचनाओं के विभिन्न स्वरूपों की चर्चा कीजिए ।

Discuss different forms of deprivation associated with slums. *10*

**Q8.** (a) भारत में दलित आंदोलनों में शामिल विभिन्न मुद्दों को सामने लाएँ ।

Bring out the various issues involved in Dalit movements in India. *20*

(b) 'विकास तथा पर्यावरण' के मध्य द्वंद्वात्मकता का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

Critically examine the dialectics between 'development and environment'. *20*

(c) औद्योगिक श्रमिक-वर्ग की परिवर्तनशील प्रकृति की चर्चा कीजिए ।

Discuss the changing nature of Industrial working class. *10*